आर.एन.आई.नं. RAJBIL/2010/52404

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं, विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्ण शुभाङ्गम्।
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्य्, वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम् ॥



# सेवा सौभाग्य

पू. कैलाश जी 'मानव' मूल्य » 5 वर्ष » 12 अंक » 145 मुद्रण तारीख » जनवरी 2024 कुल पृष्ठ » 20

स्वावलम्बन Swavlamban
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

सुगम्य भारत अभियान
Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan)
Ministry of Social Justice & Empowerment
Government of India

## दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में 2023 के राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह

## Presentation Ceremony of National Award 2023 in th field of Empowerment of Persons with Disabilities

3 दिसम्बर, 2023 | विज्ञान भवन, नई दिल्ली

3rd December, 2023 | Vigyan Bhawan, New Delhi



# राष्ट्रपति से सम्मानित हुए

## प्रशान्त भैया




₹5000
सहयोग करें

Bank Name : State Bank of India
Account Name : Narayan Seva Sansthan
Account Number : 31505501196
IFSC Code : SBIN0011406
Branch : Hiran Magri, Sector No.4, Udaipur-313001

Donate via UPI
Google Pay PhonePe Paytm
narayanseva@sbi

अन्तर्राष्ट्रीय मुख्यालय: 483, 'सेवाधाम' सेवा नगर, हिरण मगरी, सेक्टर-4, उदयपुर ( राज. ) 313002, भारत

+91 294 662 2222 | +91 702350999

मूल्य » 5 वर्ष » 12 अंक » 145 मुद्रण तारीख » जनवरी 2024 कुल पृष्ठ » 20

NARAYAN SEVA SANSTHAN
Nar Seva Narayan Seva

# सेवा सौभाग्य

Sewa Parmo Dharm
MAKE GIVING YOUR HABIT

अन्तर्राष्ट्रीय मुख्यालयः 483, 'सेवाधाम' सेवा नगर, हिरण मगरी, सेक्टर-4, उदयपुर (राज.) 313002, भारत
» फोन नं. +91-294-6622222, वाट्सऐपः +91-7023509999

इस माह सेवा अंक

## मकर संक्रांति एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


06



08



09


13


14

सम्पादक मंडलः मार्ग दर्शक » कैलाश चन्द्र अग्रवाल, सम्पादक » प्रशान्त अग्रवाल
सहयोग » विष्णु शर्मा हितैषी-भगवान प्रसाद गौड़, डिजाइनर » विरेन्द्र सिंह राठौड़

Seva Soubhagya Print Date 1 January, 2024 Registered Newspaper No. RAJBIL/2010/52404 Postal Reg. No. RJ/UD/29-146/2023-2025. Despatch Date 1st to 7th of every month, Chetak Circle Post Office, Udaipur, Published by Sole-Owner, Publisher and Chief Editor Prashant Agarwal from Sevadham, Hiran Magri, Sector-4, Udaipur - 313002 (Raj) Printed at Newtrack Offset Private Limited, Udaipur. Total pages- 20 ( No. of copies printed 1,50,000) cost- Rs.5/-

Follow Us On **PRASHANT AGARWAL**

# समर्पण में आनंद

**शास्त्रों में कहा गया है कि करुणा बिना दया नहीं, दया बिना दान दान नहीं, दान के बिना प्रभु की कृपा नहीं और परमात्मा की कृपा के बिना जीवन का कल्याण नहीं।**


**भारत में असंख्य लोग जन्मजात अथवा हादसों की वजह से शारीरिक रूप से अक्षम हैं तो अनेक बेसहारा और गरीबी के कारण दु:खी हैं। हालांकि वे भी जिन्दगी को भरपूर जीना चाहते हैं। वे अपने लिए भी और दूसरों के लिए भी कुछ करना चाहते हैं। किन्तु असमर्थ हैं। बड़ी संख्या में लोग भिक्षावृत्ति कर अपना अनमोल जीवन गुमनामी के अंधेरे में व्यतीत कर देते हैं। वे लोग सौभाग्यशाली हैं जो उनकी दुनियां में झांकने और प्रोत्साहन के लिए आगे बढ़ते हैं। उन दानवीरों को समाज नमन करता है, जो निराश्रित, अशिक्षित, पीड़ित और नि:शक्तजन की सहायता कर उनका जीवन सवांरने में ही अपने जीवन को सार्थक मानते हैं।**

मनुष्य को अपने जीवन में कई मोड़ अथवा परिस्थितियों से रूबरू होना पड़ता हैं। हर मोड़ पर सवाल खड़े मिलते हैं, जिनके जवाब मिल भी जाएं तो अगले मोड़ पर जिन्दगी सवालों का रूप - स्वरूप बदल देती है। मगर जो लोग परमार्थ में संलग्न रहते हैं, उन्हें हर सवाल का जवाब सहज मिल जाता है। जिंदगी का सबसे अहम सवाल होता है, हमने अपनों के लिए बहुत किया मगर दूसरों के लिए? एक जागीरदार ने एक अवसर विशेष पर प्रभु के दुग्धाभिषेक के लिए तमाम ग्रामवासियों को आदेश दिया कि वे अमुक दिन घर का सारा दूध हवेली के कड़ाह में जमा करें। आदेश का पालन हुआ। जागीरदार को यह देख बड़ी हैरानी हुई कि गांव में सभी पशुपालक हैं, बावजूद इसके कड़ाह पूरा क्यों न भर पाया। उसने कर्मचारियों को पता करने को कहा। उन्होंने बताया कि वे हर घर जाकर देख आए, किसी ने भी एक बूंद दूध भी बचा कर नहीं रखा है। इसी दौरान एक बुढ़िया एक लोटे में दूध लेकर आई उसने बताया कि श्रीमान मैं आपकी आज्ञा का पालन न कर सकी,कृपया क्षमा करें। मैं गाय दुहने से पूर्व बछड़े को भरपेट दूध पीने देती हूँ, इसके बाद मिले दूध में से आधा पड़ोस की गरीब विधवा महिला के बीमार बच्चे के लिए दे देती हूँ, और शेष बचा दूध आपके आदेश की पालना के लिए समर्पित है। यह कहते हुए उसने जैसे ही दूध कड़ाह में डाला लोग आश्चर्यचकित देखते रहे कि कड़ाह भर चुका था। उसके इस परमार्थ से सभी ने जान लिया कि प्रभु परोपकार से ज्यादा प्रसन्न होते हैं। वे अपने नैवेद्य से पहले भूखे को भोजन, प्यासे को पानी, नि:शक्त को सहारा और पीड़ित की चिकित्सा से ज्यादा प्रसन्न होते हैं। परमार्थ की किरणों से अपने व दूसरों के ऊपर छाई दुख की बदली छट जाती है। जय नारायण!



**– सेवक प्रशांत भैया**





पूज्य श्री कैलाश 'मानव'

# प्रसन्नता के आधार

प्रेम 'आदान' नहीं 'प्रदान' का प्रतीक है। वह न तो भोग-विलास का सम्मोहक स्वप्न है और न वासना का उन्माद। सद्भावना, शांति, सदाचारिता, समर्पण और सेवा ही प्रेम है।


कोई भी व्यक्ति, परिवार प्रतिष्ठान अथवा संगठन तब ही व्यवस्थित, शांत, आनंदित और मर्यादित रह सकता है, जब उसका आधार परस्पर प्रेम और विश्वास हो। प्रेम में सदैव सबके मंगल का भाव निहीत होता है। भक्तिमती शबरी माता और गोस्वामी तुलसीदास जी ने प्रेम के ही बल पर श्रीराम को साक्षात पा लिया तो सूर और मीरा को श्री कृष्ण ने भव-सागर से पार उतार दिया। भगवान बुद्ध की प्रेमासिक्तवाणी ने निर्दयी अंगुलिमाल के जीवन की दिशा बदल दी तो भगवान महावीर ने 'प्रेम' को ही अहिंसा कह कर उसे अर्थवत्ता प्रदान की।

एक परिवार का मुखिया, पत्नी और पुत्री तीर्थाटन के बाद पुनः घर लौटे। द्वार खोलने को ज्यों ही आगे बढ़े उन्हें वहां तीन नारी-मूर्तियां दिखीं। सभी चकित थे। घर से प्रस्थान के समय अथवा उससे पूर्व तो इन्हें यहां कभी नहीं देखा। कौन रख गया इन्हें यहाँ ? तभी तीनों मूर्तियां एक साथ बोल पड़ीं- 'द्वार तभी खुल पाएगा जब तुम अपने साथ हममें से किसी एक को प्रवेश दोगे।' परिवार उन्हें बोलता देख आश्चर्य चकित था। तब मुखिया ने उनसे उनका परिचय पूछा, पहली मूर्ति ने कहा- 'मैं सफलता हूँ, दूसरी बोली-'मैं प्रसन्नता हूँ' और तीसरी ने कहा- मैं प्रेम हूँ।' तीनों जन परस्पर विचार-विमर्श करने लगे। मुखिया ने कहा मैं 'सफलता' के साथ गृह प्रवेश चाहूंगा, क्यों कि सफलता से प्रसन्नता स्वतः मिल जाती है। पत्नी उनसे असहमत होते हुए बोली- 'यह जरूरी नहीं' कि सफलता के साथ प्रसन्नता मिल ही जाए। इसलिए मैं तो प्रसन्नता के साथ ही घर में रहना चाहूंगी। इससे वातावरण सकारात्मक बना रहेगा।

माता-पिता ने पुत्री से उसकी इच्छा जाननी चाही तो बोली - मैं तो प्रेमकी मूर्ति के साथ ही रहना चाहूंगी। क्योंकि जहां प्रेम होगा, वहीं सफलता और प्रसन्नता दोनों भी होंगी। तीनों मूर्तियों ने सिर हिलाकर उसका समर्थन किया और अंतर्ध्यान हो गई।

आज प्रत्येक व्यक्ति इसी प्रयत्न में है कि वह प्रसन्न रहे। जो कुछ भी आज दिखाई दे रहा है, वह एक दिन समाप्त हो जाना है, भौतिक साधन प्रसन्नता नहीं दे सकते। प्रेम का स्त्रोत तो भीतर से ही फूटता है, जो अनवरत रहता है। दया, स्नेह, करूणा, वात्सल्य, सेवा और समर्पण यही हैं - प्रसन्नता के आधार। आपका अपना यह संस्थान इन्हीं आधारों पर खड़ा आपके सहयोग से पीड़ित मानवता की सेवा में संलग्न है।

# स्नान - दान का पर्व मकर संक्राति



**मकर संक्राति के दिन पूरे भारत में नदी, तट, सरोवर, कुंड और नदी-संगम पर स्नान-दान का विशेष महत्व है। दीन-दुखियों, पीड़ितों, अपाहिजों और असहायों के लिए इस पर्व पर दान को अति पुण्यकारी माना गया है। शास्त्रों में कहा भी गया है कि 'दान दिए सो होए सुखारा'। इस दिन धन, अन्न, वस्त्र, घृत, कंबल और तिल से बने व्यंजन का दान होता है। आपके अपने इस संस्थान द्वारा इस दिन खिचड़ी भंडारा के साथ अन्न, वस्त्र एवं तिल दान के बड़े आयोजन होंगे, आपश्री भी इस दान यज्ञ में सहभागी बन कर पुण्य अर्जित करें।**

म पौष मास में जब सूर्यदेव धनु से मकर राशि में प्रवेश करते हैं,तभी मकर संक्राति पर्व मनाया जाता है। इसी दिन सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं। इसी दिन खरमास की समाप्ति होने के कारण सभी शुभ कार्य पुनः आरम्भ हो जाते हैं। मकर संक्राति के दिन ही पतित पावनी गंगा जी राजा भगीरथ के पीछे चलकर कपिल मुनि आश्रम से होते हुए सागर में मिली थीं। यही कारण है कि इस दिन गंगा-सागर समागम स्थल पर (कोलकाता-गंगासागर) पर लाखों लोग स्नान-दान के लिए एकत्रित होते हैं। पूर्वजों के तरण-तारण के लिए मकर संक्रांति पर्व उत्तम है, तभी तो राजा भगीरथ ने इसी दिन तर्पण कर पूर्वजों को तृप्त किया था। सूर्य देव अपने पुत्र शनि से मिलने इसी दिन उनके घर जाते हैं। शनि ही मकर राशि के स्वामी हैं। महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपना शरीर त्यागने के लिए इसी दिन को चुना था।


मकर संक्राति पर तमिलनाडु में 'पोंगल' पर्व मनाया जाता है। आंध्र, कर्नाटक और केरल में भी इसे उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। पंजाब व हरियाणा में इससे एक दिन पूर्व 'लोहड़ी' पर्व की धूम रहती है। पूर्वोत्तर सहित असम में इस पर्व को 'बिहु' के नाम से मनाया जाता है। लेकिन सबके मूल में लोक कल्याण की भावना ही निहीत रहती है।

# रोशनी सी मुखर हुई अमनदीप



पंजाब के अमृतसर की रहने वाली अमनदीप कौर (28) जब छः वर्ष की थीं, अचानक तबियत बिगड़ने से उपचार के दौरान इंजेक्शन के दुष्प्रभाव के कारण वो कुछ ही महीनों बाद चलने-फिरने में असमर्थ हो गईं। जिससे परिजनों को गहरा आघात पहुंचा। माता-पिता ने इलाज की हर संभव कोशिशें की परन्तु कहीं से भी कारगर उपचार नहीं मिला। निराश अमनदीप व्हीलचेयर के सहारे जीने को मजबूर थी। एक दिन वाहेगुरू के एक बन्दे ने नारायण सेवा संस्थान के निःशुल्क पोलियो चिकित्सा एवं सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी, जो उसके जीवन को रोशन करने वाली साबित हुई।

संस्थान में आने के बाद जांच कर एक पैर का निःशुल्क ऑपरेशन हुआ, दूसरे पैर का ऑपरेशन होना बाकी है। इन्हें पूरी उम्मीद है कि वो अपने पैरों पर जल्द ही खड़ी हो चल-फिर सकेगी। संस्थान में रहकर इन्होंने निःशुल्क तीन महीनें का सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त किया। अब वह आत्मनिर्भर बन परिवार का सहारा बनेगी। अमनदीप ने संस्थान द्वारा जुलाई में चंडीगढ़ में आयोजित 'टैलेंट शो' में भी हिस्सा लिया। जहां इनके हुनर को देख सभी दंग रह गए।



कभी-कभी जिंदगी हमारे साथ मुश्किलें लेकर आती हैं, लेकिन हमें कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। संस्थान के अथक प्रयासों और अपनी मेहनत से अमनदीप ने बढ़ाया अपना हौसला!

# कृत्रिम पांव से चल पड़ी सोनाक्षी



झारखंड, सोनाक्षी सिंह (14) पलामू जिले के रेहला की रहने वाली हैं। 2021 में एक ट्रेन दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उपचार के दौरान दांया पैर कटवाना पड़ा। जिसके बाद उसे चलने-फिरने में काफी तकलीफ सहनी पड़ती थी। परिजनों ने 80 हजार रूपये खर्च कर कृत्रिम पैर लगवाया। लेकिन वह वजन में भारी होने और बढ़ती उम्र के साथ हर साल बदलवाना पड़ता था। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण इस भारी भकरम खर्च को माता-पिता वहन करने में सक्षम नहीं थे। उन्हें रेहला में 6 अगस्त 2023 को नारायण सेवा संस्थान के निःशुल्क कृत्रिम अंग माप शिविर आयोजन के बारे में पता चला, जो सोनाक्षी और उनके चेहरे पर खुशी की चमक ले आया। शिविर में पांव का माप लिया गया। करीब 45 दिन बाद 1 अक्टूबर को वितरण शिविर में निःशुल्क कृत्रिम पैर लगाया गया। पैर पहनते ही सोनाक्षी खुशी से झूम उठी। अब इस अत्याधुनिक कृत्रिम पांव की सहायता से वो आसानी से खड़ी हो आराम से चल-फिर सकती है।

**माता-पिता कहते हैं कि संस्थान ने निःशुल्क पांव लगा कर बेटी को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को सहारा दिया है। यह उपकार हम जिन्दगी भर नहीं भूलेंगे। संस्थान का खूब-खूब आभार।**



# राष्ट्रपति से सम्मानित हुए प्रशान्त भैया




विश्व दिव्यांगता दिवस 3 दिसम्बर को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा विज्ञान-भवन, नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष सेवक प्रशांत भैया को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति' श्रेणी में यह अवार्ड दिया गया है। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने की। इस दौरान केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले, प्रतिमा भौमिक और ए.नारायणस्वामी की गरिमामयी उपस्थित रही। समारोह में सेवक प्रशांत भैया की धर्मपत्नी एवं संस्थान निदेशिक श्रीमती वंदना अग्रवाल, पुत्री सुश्री पलक भी उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह पुरस्कार व्यक्तिगतश्रेणी में नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक पूज्य गुरूदेव श्री कैलाश जी मानव एवं संस्थागत श्रेणी में नारायण सेवा संस्थान को भी प्राप्त हो चुका है। दिव्यांगों के कल्याणार्थ निःस्वार्थ भाव से बेमिसाल सेवाओं के लिए संवेदनशील भैया जी का चयन किया गया। उन्होंने दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए आवासीय विद्यालय, व्यवसायिक पुनर्वास केंद्र व सहायक उपकरणों के वितरण के लिए अथक परिश्रम किया। राष्ट्रपति ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया। राष्ट्रपति जब उन्हें सम्मानित कर रही थीं उस समय सभागार में उपस्थितजनों ने उनका करतल ध्वनि से अभिनंदन किया।

राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर सेवक प्रशांत भैया ने कहा कि यह सम्मान उन दिव्यांग भाई-बहिनों का है जिनके जीवन में उनके व संस्थान के प्रयासों से खुशी आई। संस्थान संस्थापक चेयरमैन पूज्यश्री कैलाश जी मानव व सहसंस्थापिका कमला देवी जी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार हमें अधिक कर्तव्यनिष्ठा और नम्रतापूर्वक सेवा करने की प्रेरणा देता रहेगा। संस्थान ट्रस्टियों एवं साधकों ने भी इस गरिमामयी सम्मान पर भैया जी का अभिनन्दन किया।

# कोलकाता में 250 से ज्यादा दिव्यांगजन को लगाए कृत्रिम अंग

**'कुआं प्यासे के पास' योजना के अन्तर्गत विभिन्न शहरों में नवंबर -2023 में दिव्यांगजन के लिए निःशुल्क आर्टिफिशियल लिम्ब माप एवं ऑपरेशन चयन शिविर सम्पन्न हुए। कोलकाता में सर्वाधिक भाई-बहिन लाभान्विन्त हुए।**

'देखकर रो दे जो जमाने का गम, उस आँख से गिरा आँसू रामायण है।' यह बात-चरितार्थ हुई नारायण सेवा संस्थान उदयपुर द्वारा कोलकाता के बिधान गार्डन में 26 नवंबर को आयोजित निःशुल्क नारायण लिम्ब मेजरमेन्ट शिविर में जहाँ दिव्यांगों के दुःख और पीड़ा से द्रवित हो बंगाल सरकार के परिवहन मंत्री श्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती दिव्यांगों से मिलने पहुंचे। मुख्य अतिथि चक्रवर्ती ने दीप प्रज्जवलन कर शिविर का उद्घाटन किया। दुर्घटना में हाथ-पैर खो चुके राज्य के हावड़ा, नदिया, हुगली, वर्धमान, वीरभूमि, मुर्शीदाबाद, सिलिगुडी, सहित कई जिलों से आए दिव्यांगों और उनके परिजनों से भी उन्होंने भेंट की। चक्रवर्ती ने कहा कि नारायण सेवा संस्थान की पीड़ित मानवता के लिए सेवाएं अभिनंदनीय हैं। उन्होंने संस्थान की ओर से बंगाल में होने वाली सेवाओं में हर तरह से मदद की घोषणा की। प्रारम्भ में संस्थान के पीआरओ भगवान प्रसाद गौड़ और राकेश शर्मा ने मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री, विशिष्ट अतिथि बंगाल मैन फारम की अध्यक्ष नंदिनी भट्टाचार्य,







समाजसेवी श्री रामअवध जी जयसवाल, श्री विश्वनाथ जी जयसवाल, श्री कमलेश जी द्विवेदी व श्री विमल जी सुराना का मेवाड़ी पगड़ी, दुपट्टा, प्रतीक चिन्ह और गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान दानदाताओं का सम्मान भी किया गया। वोलियन्ट्री सेवा सहयोगी-श्री भूमि विकास मंच के अध्यक्ष डीसी भण्डारी और उनके सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। 410 दिव्यांग रोगी शिविर में आये। जिनमें 255 दिव्यांग का कृत्रिम अंग के लिए चयन कर उनका मेजरमेन्ट लिया गया तथा 50 का केलिपर्स व 16 का ऑपरेशन हेतु चयन किया। शिविर में योजना विभाग के नरेंद्र सिंह, जसबीर सिंह, हरिप्रसाद लढ्ढ़ा, महिम जैन, प्रकाशनाथ ने सेवाएं दी। शिविर में निःशुल्क भोजन, चाय-नाश्ता का वितरण हुआ। सभी दिव्यागों को आने वाले 45 से 60 दिनों में उच्च गुणवत्ता युक्त नारायण लिम्ब कोलकाता में ही पहनाए जायेंगे।

**भुवनेश्वर :** - श्री सत्य साई सेवा संगठन के सौजन्य से खारवेल नगर, स्थित साई जननी यूनिट-3 में दो दिवसीय दिव्यांग जांच - चयन एवं नारायण लिंब-कैलीपर्स माप शिविर 19 नवम्बर-23 सम्पन्न हुआ। इसमें 204 निःशक्तजन का पंजीकरण हुआ। जिनमें से पी एण्ड ओ डॉ. मानस रंजन साहू ने 143 का निःशुल्क कृत्रिम अंग, 11 का कैलीपर बनाने एवं 16 का सर्जरी के लिए चयन किया। मुख्य अतिथि ओडिशा श्री सत्य साई संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सत्य स्वरूप पटनायक थे। अध्यक्षता संगठन के सचिव श्री सुशांत पटनायक ने की। मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्वश्री रमाकांत दास, विपिन बिहारी पाणिग्रही, उमेश चन्द्र बिस्वाल, प्रताप चन्द्र पाण्डा, श्रीमती डेजी सतपथी, सरोजनी माहंती विराजित थीं। अतिथियों का स्वागत-सम्मान शिविर प्रभारी लालसिंह भाटी ने किया।








**मैसूरः-** जेएसएस हॉस्पीटल में महावीर चंद जी भंसाली के सौजन्य से 5 नवम्बर को नारायण लिंब एवं कैलिपर माप शिविर का आयोजन होशामठ (मैसूर) के श्री छिदुनानंदा स्वामी जी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें 538 दिव्यांग जन का पंजीयन हुआ। इनमें से पी. एण्ड ओ डॉ. अखिल भास्कर उपाध्याय ने 255 का कृत्रिम अंग व 6 का कैलीपर बनाने के लिए चयन किया। शिविर प्रभारी मुकेश शर्मा के अनुसार शिविर की अध्यक्षता जैन मिलन संघ के अध्यक्ष श्री हेमंत जी भंसाली ने की। विशिष्ट अतिथि गणपति आश्रम के स्वामी ओटरा विजयानंदा, श्री महावीर भंसाली, श्री मंजूनाथ, श्री एसबीएस मंजू, श्री प्रवीण कटारिया व डॉ. प्रशांत गोयनका थे। अतिथियों का स्वागत-सम्मान हैदराबाद आश्रम प्रभारी महेंद्र सिंह रावत व बैंगलुरू, आश्रम प्रभारी खूबीलाल मेनारिया ने किया।

**अलीगढ़ः** - रामलीला मैदान के निकट जयशंकर धर्मशाला, अलीगढ़ (उप्र) में 19 नवम्बर-23 को श्री अग्रवाल युवा संगठन के सौजन्य से सम्पन्न नारायण लिंब फिटमेंट शिविर में 76 दिव्यांगजन को 81 कृत्रिम अंग व 56 दिव्यांगजन को 94 कैलीपर लगाए गए। शिविर में 132 का पंजीयन हुआ। मुख्य अतिथि नैपच्यून के श्री आर. के जिंदल थे। अध्यक्षता रेमण्ड के श्री राजीव अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्वश्री अभिनव अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, प्रितेश अग्रवाल, राहुल गर्ग व सक्षम गोयल मंचासीन थे। फिटमेंट डॉ. गजेन्द्र शर्मा की देखरेख में हुआ। शिविर प्रभारी अखिलेश अग्निहोत्री ने अतिथियों का स्वागत-सम्मान व संचालन रविन्द्र आमेटा ने किया।








**कानपुर : -** अग्रवाल समाज, किदवई नगर, कानपुर (उप्र) के सौजन्य से 26 नवम्बर को महाराजा श्री अग्रसेन भवन में आयोजित शिविर में 75 दिव्यांगजन का पंजीयन हुआ। जिनमें से पी एण्ड ओ डॉ. अखिल भास्कर व फिजियोथेरैपिस्ट डॉ. नरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में 41 को 43 कृत्रिम अंग व 34 दिव्यांगजन को 52 केलीपर लगाए गए। मुख्य अतिथि नगर के प्रमुख उद्योगपति श्री कैलाश जी अग्रवाल थे। अध्यक्षता अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री प्रमोद जी दादू ने की। विशिष्ट अतिथि सर्वश्री जितेन्द्र जी अग्रवाल, राधेश्याम जी अग्रवाल, मोनू सिंह जी एवं अंकुश जी अग्रवाल थे। प्रभारी अखिलेश अग्निहोत्री ने संस्थान के निःशुल्क सेवा प्रकल्पों की जानकारी देते हुए अतिथियों का पगड़ी - उपरना पहनाकर स्वागत किया।

**मंड्या :-** जैन समाज मंड्या (कर्नाटक) के तत्वावधान में संस्थान के 26 नवम्बर को श्री कालिका माँ सेवा समिति भवन में आयोजित शिविर में 144 दिव्यांगजन का पंजीयन हुआ। जिनमें से 143 के 149 कृत्रिम अंग लगाए गए। एक दिव्यांग को कैलीपर लगाया गया। यह कार्य संस्थान के हैदराबाद आश्रम की पी एण्ड ओ डॉ. अंकिता व फिजियोथेरैपिस्ट डॉ. कल्याणी व डॉ. राजवीर की देखरेख में सम्पन्न हुआ। शिविर प्रभारी मुकेश शर्मा ने मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. एच. एल नागराज, अध्यक्ष विधायक रवि गडिया, विशिष्ट अतिथि एस.पी. यतीश.एन, उत्तम चंद जी जैन व अशोक जी भंडारी का स्वागत - सम्मान तथा संचालन हैदराबाद आश्रम प्रभारी श्री महेन्द्र रावत ने किया।












# सर्दी में सुकून के पल जरूरतमंदों के संग

**संस्थान हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंदों को नि:शुल्क कम्बल, स्वेटर वितरण कर रहा है। कृपया अपना अमूल्य सहयोग प्रदान कर लाभान्वित करें।**



# झीनी झीनी रोशनी-56

कमला जी व बच्चों को सरदारशहर ही छोड़ कैलाश जी 'मानव' जयपुर पहुँच गए। स्टेशन के पास ही बड़ा पोस्ट ऑफिस था। उनके मित्र लश्करी भी वहीं रहते थे, उनसे मिलने गए तो उन्होंने एक खाली कमरा बताया, वह उसी में ठहर गए। महीने भर के प्रशिक्षण के अन्त में परीक्षा देनी थी। इस हेतु कुछ पुस्तकें भी दी गई। कैलाश जी 'मानव' प्रशिक्षण के बाद अपने कमरे में ये पुस्तकें पढ़ने लगे।

इनका एक अन्य मित्र राधाकृष्ण सोनी भी वहीं था। उसने जूनियर एकाउन्ट्स ऑफिसर परीक्षा का एक भाग पास कर रखा था, दूसरा पास करना था। कैलाश जी 'मानव' ने भी इस परीक्षा का एक भाग पास कर रखा था। सोनी ने प्रस्ताव रखा कि दोनों मिलकर इस परीक्षा की तैयारी करते हैं मगर कैलाश जी ने मना कर दिया। उन्हें इन्सपेक्टर के कार्य में मजा आ रहा था, जगह-जगह जाने को मिलता था, नये नये लोग मिलते थे और जीवन के अत्यन्त कारूणिक और दारूण अनुभवों से आत्मसात होने का अवसर मिलता था। इसलिये कैलाश जी 'मानव' ने साफ कह दिया कि अभी दो सालों तक तो वह आई.पी.ओ. ही रहना चाहते हैं। कैलाश जी 'मानव' की बात सुन कर सोनी ने कहा कि परीक्षा में कुल 7 पेपर होते हैं, अभी 6 पेपर दे दो, सातवां पेपर कभी भी दे सकते हो।

6 पेपर पास कर दो साल तक आई.पी.ओ. के मजे लेते रहो, दो साल बाद सातवां पेपर दे देना और जे.ए.ओ. बन जाना। सोनी की यह बात कैलाश जी 'मानव' को जंच गई, वैसे भी वह खाली ही थे। परीक्षा अगले माह ही थी। अब दोनों मिलकर परीक्षा की तैयारी करने लगे। सातवें पेपर की किताबें भी उनके पास ही थी मगर वे इसे छूते भी नहीं थे। कैलाश जी 'मानव' पूरी कोशिश करते थे कि सातवें पेपर की किताबों की तरफ देखे भी नहीं, उन्होंने तो सोनी को यहां तक कह दिया था कि इन किताबों को यहां से हटा दो।

क्रमशः

# भारत में संचालित संस्थान की शाखाएं

## राजस्थान

### पाली
श्री कान्तिलाल मूथा,07014349307
31, गुलजार चौक, पाली मारवाड़

..........................................

श्री मनोज कुमार मेहता,
मो.-09468901402
मकान नं. 5डी-64, हाउसिंग बोर्ड जोधपुर रोड के पास, पानी की टंकी, पाली

### भीलवाड़ा
श्री शिव नारायण अग्रवाल
09829769960 C/o नीलकण्ठ पेपर स्टोर, L.N.T. रोड, भीलवाड़ा-311001

### बहरोड़
डॉ. अरविन्द गोस्वामी,09887488363
'गोस्वामी सदन' पुराने हॉस्पीटल के सामने बहरोड़, अलवर (राज.)
श्री भुवनेश रोहिल्ला,मो. 8952859514, लेडिज फैशन पोईन्ट, न्यू बस स्टैण्ड के सामने यादव धर्मशाला के पास, बहरोड़, अलवर

### अलवर
श्री आर.एस. वर्मा, 07300227428
के.वी. पब्लिक स्कूल,
35 लादिया,बाग अलवर

### जयपुर
श्री नन्द किशोर बत्रा,09828242497
5-C, उन्नति एन्क्लेव, शिवपुरी, कालवाड़ रोड़,झोटवाड़ा, जयपुर 302012

### अजमेर
श्री सत्य नारायण कुमावत,09166190962
कुमावत कॉलोनी, आर्य समाज के पीछे, मदनगंज,किशनगढ़, अजमेर

### बूंदी
श्री गिरिधर गोपाल गुप्ता,09829960811, ए.14, 'गिरधर-धाम', न्यू मानसरोवर कॉलोनी, चित्तौड़ रोड़, बून्दी

## झारखण्ड

### हजारीबाग
श्री डूंगरमल जैन,मो.-09113733141
C/o पारस फूड्स, अखण्ड ज्योति ज्ञान केन्द्र, मेन रोड़ सदर थाना गली, हजारीबाग

..........................................

श्री भगवानदास गुप्ता-09234894171
07677373093 गांव-नापो खुर्द,पो.-गोसाई बलिया,जिला-हजारीबाग

### रामगढ़
श्री जोगिन्दर सिंह जग्गी,मो. 7992262641
44ए, छोटकी मुरीम, नजदीक उमा इन्सीट्यूट राजीव सिनेमा रोड़, बिजुलिया, रामगढ़

### धनबाद
श्री गोपाल कुमार,
9430348333, आजाद नगर, भूलीनगर

## गोवा

### गोवा
श्री अमृत लाल दोषी,मो. 07798917888
'दोषी निवास' जैन मन्दिर के पास, पजीफोन्ड, मडगांव गोवा-403601

## मध्य प्रदेश

### उज्जैन
श्री गुलाब सिंह चौहान
मो. 09981738805, गाँव एवं पो. इन्गोरिया, उज्जैन 456222

### रतलाम
श्री चन्द्र पाल गुप्ता
मो. 9752492233,मकान नं. 344, काटजूनगर, रतलाम

### जबलपुर
श्री आर. के. तिवारी,मो. 9926660739
मकान नं. 133, गली नं. 2, समदड़िया ग्रीन सिटी,माढ़ोताल, जिला - जबलपुर

### मन्दसौर
श्री मनोहर सिंह देवड़ा
मो. 9753810864,म.नं. 153, वार्ड नं. 6, ग्राम-गुराड़िया,पोस्ट-गुराड़ियादेदा, जिला - मन्दसौर

### भोपाल
श्री विष्णु शरण सक्सेना
मो. 09425050136, ए-3/302, विष्णु हाईटेक सिटी, अहमदपुर
रेल्वे क्रोसिंग के सामने, बावड़िया कलाँ, होशंगाबाद रोड़ जिला - भोपाल

### बखतगढ़
श्री सुरेन्द्र सिंह सोलंकी,08989609714, बखतगढ, त.-बदनावर,जि.-धार

## हरियाणा

### कैथल
डॉ. विवेक गर्ग,मो. 9996990807,गर्ग मनोरोग एवं दांतो का हस्पताल के अन्दर पद्मा मॉल के सामने करनाल रोड़, कैथल

..........................................

श्री सतपाल मंगला
मो. 09812003662-3
68-ए, नई अनाज मंडी, कैथल

### सिरसा
श्री सतीश मेहता मो. 9728300055
म.न.-705, से.-20,पार्ट-द्वितीय,सिरसा

### जुलाना मण्डी
श्री मनोज जिन्दल मो. 9813707878,108 अनाज मण्डी, जुलाना,जींद

### पलवल
श्री वीर सिंह चौहान मो.9991500251
विला नं. 228, ओमेक्स सिटी, सेक्टर-14, पलवल

### फरीदाबाद
श्री नवल किशोर गुप्ता
मो. 09873722657, कश्मीर स्टेशनरी स्टोर, दुकान नं. 1डी/12, एन.आई.टी., फरीदाबाद, हरियाणा

### करनाल
श्री सतीश शर्मा,मो. 09416121278
म.नं. 886, सेक्टर-7, अरबन एस्टेट करनाल

### अम्बाला
श्री मुकुट बिहारी कपूर,मो. 08929930548
मकान नं.- 3791, ओल्ड सब्जी मण्डी, अम्बाला केन्ट-133001

..........................................

श्रीमान अजीत कुमार जी शास्त्री (क्लॉथ मर्चेन्ट)
9416367996
चन्द्रभान वाली गली, गांव व पोस्ट-शहजादपुर
तहसील-नारायणगढ़
जिला-अम्बाला-134202

### नरवाना
श्री राजेन्द्र पाल गर्ग
मो. 09728941014
165-हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नरवाना, जीन्द

## महाराष्ट्र

### आकोला
श्री हरिश जी, मो.नं. - 9422939767
आकोट मोटर स्टेण्ड, आकोला

### परभणी
श्रीमती मंजु दरड़ा-मो. 09422876343

### नांदेड़
श्री विनोद लिंबा राठोड,07719966739
जय भवानी पेट्रोलियम,मु. पो. सारखानी, किनवट, जिला - नांदेड़

### पाचोरा
श्री सीताराम जी-मो. 9422775375

### मुम्बई
श्रीमती रानी दुलानी,न.-028847991
9029643708,10-बी/बी, वाईसराय पार्क,ठाकुर विलेज कान्दीवली,मुम्बई

..........................................

श्री प्रेम सागर गुप्ता ,मो. 9323101733
सी-5, राजविला, बी.पी.एस. 2 क्रोस रोड़,वेस्ट मुलुंड, मुम्बई

### भायंदर
श्री कमलचंद लोढा, मो. 8080083655
ए/103, 'देव आंगन' जैन मन्दिर रोड़ बावन जिनालय मन्दिर के पास, भायंदर (पश्चिम) ठाणे-401101

### बोरीवली
श्री प्रवीण भाई गिरधर भाई परमार
मो. 9869534173
फ्लेट नं. 708, क्वार्टर रोड नं. 5
श्री अम्बे सोसायटी, रायडूंगरी, बी-विंग बोरीवली (ई.) 400066

## हिमाचल प्रदेश

### हमीरपुर
श्री ज्ञानचन्द शर्मा,मो. 09418419030
गाँव व पोस्ट - बिघरी, त. बदसर
जिला हमीरपुर - 176040

..........................................

श्री रसील सिंह मनकोटिया
मो. 09418061161, जामलीधाम, पोस्ट-रोपा, जिला-हमीरपुर-177001

## गुजरात

### अहमदाबाद
श्री योगेन्द्र प्रताप राघव,मो. 09274595349
म.नं.: बी-77, गोल्डन बंग्लो, नाना चिलोड़ा, अहमदाबाद

## उत्तर प्रदेश

### बरेली
श्री कुंवरपाल सिंह पुंढीर
मो. 9458681074,विकास पब्लिक स्कूल के पीछे, स्वरूप नगर (चहवाई) जिला-बरेली

..........................................

श्री विजय नारायण शुक्ला
मो. 7060909449,मकान नं.22/10, सी.बी.गंज, लेबर इण्डस्टीयल कॉलोनी बरेली

### भदोही
श्री अनूप कुमार बरनवाल,
मो.7668765141,शिव मन्दिर के पास, मैन मार्केट, खमरिया, जिला भदोही, 221306

### हाथरस
श्री दास बृजेन्द,मो.-09720890047
दीनकुटी सत्संग भवन,सादाबाद

### हापुड़
श्री मनोज कंसल मो.-09927001112, डिलाइट टैन्ट हाऊस,कबाड़ी बाजार,हापुड़

### गजरौला, अमरोहा
श्री अजय एवं श्रीमती आरती शर्मा
मो.-08791269705
बांके बिहारी सदन, कालरा स्टेट, गजरौला, अमरोहा-244235

## छत्तीसगढ़

### दीपका, कोरबा
श्री सूरजमल अग्रवाल,मो. 09425536801

..........................................

श्री देवनाथ साहू,मो. 09229429407
गांव- बेला कछार, मु.पो. बालको नगर, जिला-कोरबा

### बिलासपुर
डॉ. योगेश गुप्ता,मो.-09827954009
श्रीमन्दिर के पास, रिंग रोड़ नं. 2, शान्ति नगर, बिलासपुर

### बालोद
श्री बाबूलाल संजयकुमार जैन
मो. 9425525000,रामदेव चौक बालोद, जिला-बालोद

## जम्मू/कश्मीर

### जम्मू
श्री जगदीश राज गुप्ता,मो. 09419200395
गुरू आशीर्वाद कुटीर, 52-सी
अपर शिव शक्ति नगर जम्मु-180001

### डोडा
श्री विक्रम सिंह व नीलम जी कोतवाल
मो. 09419175813, 08082024587
ग्वाड़ी, उदराना, त. भद्रवा, डोडा

## दिल्ली

### शाहदरा
श्री विशाल अरोड़ा-8447154011
श्रीमान रविशंकर जी अरोड़ा-9810774473
मैसर्स शालीमार ड्राइक्लीनर्स
IV/1461 गली नं. 2 शालीमार पार्क, D.C.B. ऑफिस के पास,शाहदरा

# नारायण दिव्यांग सहायता केन्द्र

## महाराष्ट्र

### मुम्बई
07073452174, 09529920088
07073474438, मकान नं. 06/103, ग्राउण्ड फ्लोर, ओम मणिकांत सी.एच.एस., लिमिटेड शास्त्री नगर, रोड-1, गोरेगांव पश्चिम मुम्बई-400104

### पूणे
09529920093
17/153 मेन रोड, गणेश सुपर मार्केट गोखले नगर, पूणे-16

## राजस्थान

### जोधपुर
08306004821
जूनी बागर, महामन्दिर जोधपुर ( राज ) 342001

### कोटा
07023101172
नारायण सेवा संस्थान, मकान नं.2-वी-5 तलवंडी, कोटा ( राज. ) 324005

## मध्य प्रदेश

### ग्वालियर
07412060406, 41 ए ,न्यू शांति नगर, त्रिवेदी नर्सिंग होम के पीछे,नई सडक, लश्कर,ग्वालियर 474001

## हरियाणा

### चण्डीगढ़
070734 52176
म.नं.-3658,सेक्टर-46/सी,चण्डीगढ़

### गुरूग्राम
08306004802, हाउस नं.-1936 जीए,गली नं.-10,राजीव नगर ईस्ट, माता रोड़, सी.आर.पी.एफ. केम्प चौक,गुरुग्राम -122001

### हिसार
7727868019,मकान न. 2249, सेक्टर-14,हिसार 125005

## वेस्ट बंगाल

### कोलकाता
09529920097,मकान नं.- 216, बांगुर एवेन्यू, ब्लॉक-बी, ग्राउण्ड फ्लोर, कोलकाता ( पश्चिम बंगाल ) पिन कोड-700055

## पंजाब

### लुधियाना
07023101153
50/30-ए, राम गली, नौरीमल बाग भारत नगर, लुधियाना ( पंजाब )

## उत्तर प्रदेश

### प्रयागराज
09351230393, म.न . 78/बी, मोहत सिंह गंज, प्रयागराज -211003

### मेरठ
08306004811, 38, श्री राम पैलेस, दिल्ली रोड,नियर सब्जी मंडी, माधव पुरम,मेरठ 250002

### लखनऊ
09351230395
551/च/157 नियर केला गोदाम, डॉ. निगम के पास, जय प्रकाश नगर आलम बाग, लखनऊ

## (कर्नाटक)

### बेंगलुरू
09341200200,नारायण सेवा संस्थान 40 ( 12 ) प्रथम फ्लोर, मॉडल हाउस कॉलोनी, अपोजिट समना पार्क, एनआर कॉलोनी, बसवानगुड़ी, बेंगलुरु-560004

## बिहार

### पटना
मकान नं.-23, किताब भवन रोड नॉर्थ एस.के. पुरी, पटना-13

## गुजरात

### सूरत
09529920082,
27, सम्राट टाऊनशिप,सम्राट स्कूल के पास, परवत पाटीया, सूरत

### वडोदरा
मो.: 9529920081 म. नं.: 1298, वैकुंठ समाज, श्री अम्बे स्कूल के पास, वाघोड़िया रोड, वडोदरा -390019

### अहमदाबाद
मो.: 9529920080 म. नं.: बी 11, बसंत बहार फ्लेट, राजस्थान हॉस्पीटल के पीछे, शाहीबाग, अहमदाबाद 380004

## दिल्ली

### रोहिणी
08588835718, 08588835719
नारायण सेवा संस्थान,बी-4/232 ,शिव शक्ति मंदिर के पास,सेक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली -110085

### जनकपुरी, नई दिल्ली
07023101156, 7023101167
सी1/212, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

# नारायण निःशुल्क फिजियोथेरैपी सेन्टर

## दिल्ली

### फतेहपुरी
08588835711
07073452155
6473 कटरा बरियान, अम्बर होटल के पास, फतेहपुरी,दिल्ली-6

### शाहदरा
बी-85, ज्योति कॉलोनी, दुर्गापुरी चौक,शाहदरा, दिल्ली-32

## उत्तर प्रदेश

### हाथरस
07023101169
एलआईसी बिल्डिंग के नीचे, अलीगढ़ रोड, हाथरस

### मथुरा
07023101163, नारायण सेवा संस्थान 68-डी, राधिका धाम के पास, कृष्णा नगर, मथुरा 281004

### अलीगढ़
07023101169,एम.आई.जी. -48 विकास नगर, आगरा रोड़,अलीगढ़

### मोदीनगर
आर्य समाज मंदिर, सीकरी पेट्रोल पम्प के पास, मोदी बाग के सामने मोदीनगर -201204

### बरेली
बी-17, राजेन्द्र नगर, जिंगल बेल्स स्कूल के पास, बरेली

### लोनी
09529920084
श्रीमती कृष्णा मेमोरियल निःशुल्क फिजियोथेरेपी सेन्टर, 72 शिव विहार, लोनी बन्थला, चिरोड़ी रोड ( मोक्षधाम मन्दिर ) के पास लोनी, गाजियाबाद

### गाजियाबाद
( 1 ) 07073474435
184, सेठ गोपीमल धर्मशाला केलावालान, दिल्ली गेट गाजियाबाद
( 2 ) 07073474435
श्रीमती शीला जैन निःशुल्क फिजियोथेरपी संेटर,बी.-350 न्यू पंचवटी कॉलोनी, गाजियाबाद -201009

### आगरा
07023101174
मकान नंबर 8/153 ई -3 न्यू लॉयर्स कॉलोनी,नियर पानी की टंकी के पीछे, आगरा -282003 ( उ.प्र. )

## राजस्थान

### जयपुर
9529920089, बद्रीनारायण वैद फिजियोथेरपी हॉस्पीटल एण्ड रिचर्स सेन्टर बी-50-51 सनराईज सिटी,मोक्ष मार्ग, निवारू झोटवाड़ा,जयपुर

प्लोट नं. डी-17, एफ-2, आदर्श रेजीडेंसी उमापथ, रामनगर, सोडाला, जयपुर मो.नं.: 8696002432

## गुजरात

### अहमदाबाद
9529920080
ओ.बी. 3/27 गुजरात हाउसिंग बोर्ड खोडियार मंदिर, 4 रास्ता लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम रोड, बापूनगर, अहमदाबाद-24

### राजकोट
09529920083, भगत सिंह गार्डन के सामने आकाशवाणी चौक, शिवशक्ति कॉलोनी, ब्लॉक नं. 15/2 युनिर्वसिटी रोड,राजकोट

## तेलंगाना

### हैदराबाद
09573938038,लीलावती भवन, 4-7-122/123 इसामिया बाजार, कोठी , संतोषी माता मंदिर के पास,हैदराबाद -500027

## उत्तराखण्ड

### देहरादून
07023101175, साईं लोक कॉलोनी, गांव कार्बरी ग्रांट,शिमला बाय पास रोड, देहरादून 248007

## महाराष्ट्र

### मुम्बई
09529920090,ओसवाल बगीची, आरएनटी पार्क,भायन्दर ईस्ट मुम्बई - 401105

## मध्य प्रदेश

### रतलाम
दत्ता कृपा महात्मा गांधी मार्ग, गली नम्बर-2 एचडीएफसी बैंक के पीछे, स्टेशन रोड, रतलाम - 457001 ( म.प्र. )

### इन्दौर
09529920087
12, चन्द्रलोक कॉलोनी खजराना रोड, इंदौर-452018

## छत्तीसगढ़

### रायपुर
07869916950,मीरा जी राव, म.नं.-29/500 टीवी टावर रोड, गली नं.-2, फेस-2 श्रीरामनगर,पो.-शंकरनगर,रायपुर,छ.ग.

## हरियाणा

### अम्बाला
07023101160,सविता शर्मा, 669, हाऊसिंग बोर्ड कोलोनी अरबन स्टेट के पास, सेक्टर-7 अम्बाला

### कैथल
09812003662,ग्राउंड फ्लोर, गर्ग मनोरोग एवं दांतों का हॉस्पिटल, नियर पदमा सिटी माल, करनाल रोड, कैथल

# अपने परिजनों या स्वयं के जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ एवं पुण्यतिथि को बनाएं यादगार....

## जन्मजात पोलियोग्रस्त दिव्यांगों के ऑपरेशनार्थ सहयोग राशि

| ऑपरेशन संख्या | सहयोग राशि | ऑपरेशन संख्या | सहयोग राशि |
|---|---|---|---|
| 501 ऑपरेशन के लिए | 17,00,000 रू. | 40 ऑपरेशन के लिए | 1,51,000 रू. |
| 401 ऑपरेशन के लिए | 14,01,000 रू. | 13 ऑपरेशन के लिए | 52,500 रू. |
| 301 ऑपरेशन के लिए | 10,51,000 रू. | 5 ऑपरेशन के लिए | 21,000 रू. |
| 201 ऑपरेशन के लिए | 07,11,000 रू. | 3 ऑपरेशन के लिए | 13,000 रू. |
| 101 ऑपरेशन के लिए | 03,61,000 रू. | 1 ऑपरेशन के लिए | 5,000 रू. |

## निर्धन एवं दिव्यांगों को खिलाएं निवाला

| आजीवन भोजन/नाश्ता सहयोग मिति (वर्ष में एक दिवस 50 दिव्यांग एवं निर्धनों के लिए सहयोग हेतु मदद) | |
|---|---|
| नाश्ता एवं दोनों समय भोजन सहयोग राशि | 37,000 रू. |
| दोनों समय के भोजन की सहयोग राशि | 30,000 रू. |
| एक समय के भोजन की सहयोग राशि | 15,000 रू. |
| नाश्ता सहयोग राशि | 7,000 रू. |

## दुर्घटनाग्रस्त एवं दिव्यांगों को दें कृत्रिम अंग का उपहार

| वस्तु | एक नग सहयोग | तीन नग सहयोग | पांच नग सहयोग | ग्यारह नग सहयोग |
|---|---|---|---|---|
| तिपहिया साईकिल | 5,000 रू. | 15,000 रू. | 25,000 रू. | 55,000 रू. |
| व्हील चेयर | 4,000 रू. | 12,000 रू. | 20,000 रू. | 44,000 रू. |
| कैलिपर | 2,000 रू. | 6,000 रू. | 10,000 रू. | 22,000 रू. |
| वैशाखी | 500 रू. | 1,500 रू. | 2,500 रू. | 5,500 रू. |
| कृत्रिम अंग (हाथ–पैर) | 5,000 रू. | 15,000 रू. | 25,000 रू. | 55,000 रू. |

## गरीब को बनाएं आत्मनिर्भर

| मोबाइल/कम्प्यूटर/सिलाई/मेहन्दी प्रतिशक्षण सौजन्य राशि | |
|---|---|
| 1 प्रशिक्षणार्थी सहयोग राशि 7,500 रू. | 3 प्रशिक्षणार्थी सहयोग राशि 22,500 रू. |
| 5 प्रशिक्षणार्थी सहयोग राशि 37,500 रू. | 10 प्रशिक्षणार्थी सहयोग राशि 75,000 रू. |
| 20 प्रशिक्षणार्थी सहयोग राशि 1,50,000 रू. | 30 प्रशिक्षणार्थी सहयोग राशि 2,25,000 रू. |

## शिक्षा से वंचित आदिवासी बच्चों को शिक्षित करने मे करें मदद

| | |
|---|---|
| एक बालक का 1 माह का शिक्षा सहयोग | 1,100 रू. |
| एक बालक का 1 वर्ष का शिक्षा सहयोग | 11,000 रू. |
| एक बालक का आजीवन पालनहार सहयोग (6 से 18 वर्ष) | 1,00,000 रू. |

Bank Name : State Bank of India
Account Name : Narayan Seva Sansthan
Account Number : 31505501196
IFSC Code : SBIN0011406
Branch : Hiran Magri, Sector No.4, Udaipur-313001

Donate via UPI
Google Pay PhonePe Paytm
narayanseva@sbi

अपना दान सहयोग नारायण सेवा संस्थान के नाम से संस्थान के खाते में जमा करवाकर हमें सूचित करें



# नारायण महावीर प्राकृतिक चिकित्सालय

राजस्थान का कश्मीर कही जाने वाली झीलों की नगरी
उदयपुर से 15 कि.मी दूर अरावली पर्वतमाला की सुरम्य वादियों के आंचल में लियों का गुड़ा गांव
स्थित नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ परिसर में नारायण महावीर प्राकृतिक चिकित्सालय असाध्य रोगों से ग्रस्त
उन महानुभावों को आरोग्य प्रदान कर रहा है जो अन्य चिकित्सा पद्धतियों से निराश हो चुके थे तथा इन रोगों को अपनी नियती
मानकर अभिशप्त जीवन जी रहे थे। ऐसे ही निराश महानुभावों को संस्थान में पधार कर स्वास्थ लाभ लेने का सादर आमंत्रण है।

भर्ती होने वाले रोगियों की दिनचर्या प्राकृतिक चिकित्सक के निर्देशानुसार निर्धारित होती है।

रोगी को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार आहार चिकित्सा दी जाएगी।

आवास एवं भोजन की सुव्यवस्था।

नेचुरोपैथी के साथ योगा थेरैपी एवं एडवांस एक्यूपंक्चर थेरैपी भी उपलब्ध है।

# दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह समारोह

दिनांक : 10-11 फरवरी, 2024
स्थान : गायत्री विहार सागर, गेट नं. 4, पैलेस ग्राउंड्स, मेखरी सर्कल के पास, बैंगलोर, कर्नाटक-560080

51 बेटियों का बसेगा संसार



हम चले... आप नहीं चलेंगे हमारे विवाह में...

- कन्यादान ( एक दिव्यांग कन्या ) **₹ 1,00,000**
- मायरा सहयोग **₹ 51,000**
- पाणिग्रहण संस्कार ( प्रति जोड़ा ) **₹ 21,000**
- भोजन सहयोग **₹ 11,000**
- मेहंदी और हल्दी रस्म **₹ 5,100** ( प्रति जोड़ा )

| | |
|---|---|
| Bank Name | : **State Bank of India** |
| Account Name | : **Narayan Seva Sansthan** |
| Account Number | : **31505501196** |
| IFSC Code | : **SBIN0011406** |
| Branch | : **Hiran Magri, Sector No.4, Udaipur-313001** |

Donate via UPI

Google Pay PhonePe Paytm

**narayanseva@sbi**

अन्तर्राष्ट्रीय मुख्यालय: 483, 'सेवाधाम' सेवा नगर, हिरण मगरी, सेक्टर-4, उदयपुर ( राज. ) 313002, भारत

Seva Soubhagya Print Date 1 January, 2024 Registered Newspaper No. RAJBIL/2010/52404 Postal Reg. No. RJ/UD/29-146/2023-2025. Despatch Date 1st to 7th of every month, Chetak Circle Post Office, Udaipur, Published by Sole-Owner, Publisher and Chief Editor Prashant Agarwal from Sevadham, Hiran Magri, Sector-4, Udaipur - 313002 (Raj) Printed at Newtrack Offset Private Limited, Udaipur. Total pages- 20 ( No. of copies printed 1,50,000) cost- Rs.5/-